ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणीउ की

# दिनलिपि

या

## दैनिक-आत्मशोधन

अखण्डमण्डलेश्वर
श्रीश्रीस्वामी स्वरूपानंद परमहंसदेवजी द्वारा
प्रणीत

द्वितीय संस्करण, १४२२ बंगाब्द

— नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः —
— भिक्षायां नैव नैव च —

अयाचक आश्रम
डि ४६/१९ बि, स्वरूपानन्द ष्ट्रीट, वारानसी-२२१०१०

ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणी की

# दिनलिपि
या
# दैनिक-आत्मशोधन

अखण्डमण्डलेश्वर

**श्रीश्री स्वामी स्वरूपानंद परमहंसदेवजी द्वारा प्रणीत**

द्वितीय संस्करण, 1422 बंगाब्द
April, 2015

— नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः —
— भिक्षायां नैव नैव च —

**अयाचक आश्रम**

डि 46/19, वि, स्वरूपानंद स्ट्रीट, रामापुरा, वाराणसी – 221010

धर्मार्थ मुल्य 25 रुपया डाक खर्च अलग

मुद्रन-संख्या २,०००(दो हाजार) [2015]
प्रकाशक—अयाचक आश्रम
डि ४६/१९बि, स्वरूपानन्द ष्ट्रीट,
लाक्सा, बाराणसी-२२१०१०

प्रिण्टार : श्रीस्नेहमय ब्रह्मचारी,
अयाचक आश्रम प्रिण्टिं ओयार्कस
डि ४६/१९ए, स्वरूपानन्द ष्ट्रीट, लाक्सा,
बाराणसी-१० फोन:(०५४२)२४५२३७६

ISBN—978-93-82043-24-9

अयाचक आश्रम
डि ४६/१९ बि, स्वरूपानन्द ष्ट्रीट, रामपुरा
वारानसी—२२१०१०, दूरभाष : (०५४२) २४५२३७६

: पुस्तक समूहके प्राप्तिस्थान :

अयाचक आश्राम
डि ४६/१९ बि, स्वरूपानन्द ष्ट्रीट, वारानसी—२२१०१० (उत्तर प्रदेश)

गुरुधाम
पि—२३८, स्वामी स्वरूपानन्द सरणी, कांकुड़गाछि,
कलकाता—७०००५४, ● दूरभाष—२३२०-८४५५

अयाचक आश्रम
"नगेश भबन", ९९, रामकृष्न रोड़, शिलिगुड़ि, दार्ज्जिलिं

अयाचक आश्रम
पो: चन्द्रपुर, धर्मनगर, त्रिपुरा (उत्तर)

अयाचक आश्रम
२०बि लक्ष्मीनारायण बाड़ी रोड, आगरतला, त्रिपुरा (पश्चिम)
दूरभाष : (०३८१) २२२८३०५

अयाचक आश्रम
राधामाधब रोड, शिलचर-७८८००१, दूरभाष : (०३८४२) २२०३३३

अयाचक आश्रम
नताजी सुभाष चन्द्र बोस रोड, काहिलीपाड़ा कलोनी,
गोहाटि-७८१०१८, आसाम ● दूरभाष-(०३६१)२४७३३२०

दि माल्टिभारसिटि
पो:—पुपुन्की आश्रम, जेला—बोकारो, झाड़खण्ड, पिनकोड : ८२७०१३

डाक से लेने के लिए २५% अग्रिम मूल्य समेत बाराणसीमे पत्र देना होगा

# निवेदन

परमाराध्या सन्यासिनी श्रीश्रीसंहिता देवीजी और परमपूजनीय स्नेहमय ब्रह्मचारीजी ने दिनलिपि (बंगला) के चौदहवें संस्करण के निवेदन में यथार्थ ही लिखे थे "एक सुनियोजित नियमावली द्वारा जीवन का उत्कर्ष आसानी से प्राप्त होता है यह अवश्य स्वीकृत और निर्विवादित सत्य है। ऐसा ही उत्कर्षदायक एक विधिबद्ध पद्धति देखने को मिलती है। परमाराध्य श्रीश्रीबाबामणि अखण्डमंडलेश्वर श्रीश्रीमत् स्वामी स्वरूपानन्द परमहंसदेवजी द्वारा लिखित इस "दिनलिपि" (दिनचर्या) ग्रंथ से। अयाचक सन्यासी एवं चरित्र निर्माण अभियान के स्रष्टा परमपूज्य अखंडमंडलेश्वर श्रीश्रीमत् स्वामी स्वरूपानन्द परमहंसदेवजी और भक्तगणों के प्राणाराम श्रीश्रीबाबामणि द्वारा 'अभिक्षा' जैसे शब्द का चयन तथा अंग्रेजी 'डायरी' (Diary) शब्द का हिन्दी भाषांतर दिनलिपि शब्द का प्रयोग हिन्दी साहित्य में नया संयोजन है। लगभग सौ साल पहले श्रीश्रीबाबामणि द्वारा बंगला में लिखित यह दिनलिपि ग्रंथ से प्रेरित होकर हजारों युवक युवतियाँ, किशोर-किशोरियाँ अपने-अपने चरित्र का निर्माण किए थे जिसके बारे में हमें पूर्ण रूप से आँकड़े और जानकारी प्राप्त है।

'चट्टग्राम अस्त्रागार लुट' से संबंधित महान स्वाधिनता संग्रामि श्रीगणेश घोष स्वामीजी के शिष्य नहीं होते हुए भी स्वामीजी के परम भक्त थे। एक बार उनसे पूछा गया कि वे स्वयं नास्तिक होते हुए भी कैसे श्रीश्रीबाबामणि के इतना

महान भक्त बन गए। जवाब में गणेश घोष जी ने बताया कि सन् 1914 में जब वे 14 साल के बालक मात्र थे तो उनको कलकत्ते के हेंदुया पार्क में (जो कि वर्तमान में आजाद हिन्द बाग के नाम से जाना जाता है) पहली बार श्रीश्रीबाबामणि के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। श्रीश्रीबाबामणि से यह जानकर वे आश्चर्यचकित रह गये कि श्रीश्रीबाबामणि स्वयं सन्यासी होते हुए भी भगवान या धर्म के बारे में कुछ भी उपदेश न देकर देश के युवावर्गों के बीच चरित्र निर्माण की महत्ता के बारे में विशेष रूप से उपदेश दे रहे थे।

श्रीश्रीबाबामणि से इस साक्षात्कार के पश्चात् गणेश घोष को पता चला कि चरित्र निर्माण के लिए सबसे सरल और श्रेष्ठ रीतियों की जानकारी मिलती है स्वामीजी द्वारा लिखित दिनलिपि ग्रन्थ में बस, अब शुरू हुआ एक नया इतिहास की संरचना की। यह 1930 की बात है। गणेश घोष, चट्टग्राम के विशिष्ट महिला क्रान्तिकारी प्रीतिलता वाद्देदार और माष्टारदा सूर्यसेन ने स्वयं दिनलिपि की सैकड़ों कॉपियां चट्टग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों में वितरित किए थे। श्रीश्रीबाबामणि द्वारा लिखित पुस्तक द्वारा प्रेरित होकर सैकड़ों स्वतंत्रताकामी नौजवानों ने उस समय स्वदेश की स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेज प्रशासन के विरूद्ध घोर संग्राम कर अपने प्राणों को न्योछावर कर दिए यह सत्य है। "दिनलिपि" और "कर्मेर पथे" दोनों ग्रन्थों के लेखक श्रीश्रीबाबामणि को अंग्रेज शासकों ने कई बार

कैद किया क्योंकि उनके द्वारा लिखित इन दोनों ग्रन्थों से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्रामी नौजवान देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने में तुले हुए थे। इस बात की सच्चाई अंग्रेज सरकार को भली-भांति समझ में आ गई थी।

वास्तव में दिनलिपि 35 प्रश्नों के मेल से बना हुआ एक प्रश्नमाला विशेष है और सभी प्रश्न का उत्तर केवल मात्र 'हाँ' या 'ना' के रूप में ही लिखना है। चरित्र निर्माण अभिलाषी प्रत्येक युवक-युवती, किशोर-किशोरी प्रतिदिन रात को सोने से पूर्व इन 35 प्रश्नों में से हर प्रश्न का जवाब हां या ना के रूप में लिखेगा। ध्यान योग्य बात है कि कोई भी प्रश्न का जवाब लिखते समय मिथ्याचार का सहारा न लें।

सच ही लिखना है। ऐसे कुछ दिनों तक अभ्यास करने पर उसके चरित्र निर्माण अनिवार्य रूप से होना ही है। यह पूर्ण सत्य है।

बाल्यावस्था के अंत और किशोरावस्था के प्रारंभ काल से नियमित रूप से दिनलिपि लिखने का अभ्यास पड़ जाने पर बहुत सारी मुस्कुराती हुई कलियों को समय से पूर्व झड़ जाने से बचाया जा सकता है, यह मेरा दृढ़ विश्वास है। वैयक्तिक जीवन में, सामाजिक जीवन में तथा अपने-अपने कर्मक्षेत्र में चरित्र निर्माण की आवश्यकता अवश्य स्वीकार्य है। हालांकि ऐसे भी कुछ लोग हो सकते हैं जो चरित्र निर्माण की आवश्यकता को भले ही स्वीकार न करें, मगर उनमें इस

बात को खुले आम स्वीकार करने का साहस नहीं होगा। बीते दिनों सैकड़ों महापुरूषों ने युवक-युवतियों के चरित्रगठन की आवश्यकता को समर्थन और प्रचार करते थे। लेकिन श्रीश्रीबाबामणि केवल एकमात्र ऐसे महापुरूष हैं जिन्होंने चरित्र निर्माण के वैज्ञानिक उपाय को सरलतम ढंग से आविष्कार कर एक नये इतिहास की रचना की। दिनलिपि चरित्र साधना का सबसे सरलतम मार्ग है। आज यह सर्व मान्य समस्या है कि हम पर सौंपा गया दायित्व को हम ईमानदारी और सच्चे लगन से निभा नहीं पाते अपितु हम सब अपने दोष को अनदेखी कर दूसरों के दोष को अधिक से अधिक प्रकट करते हैं। अगर ऐसी एक व्यवस्था की स्थापना करना सम्भव होता जहां कि प्रत्येक व्यक्ति उसके ऊपर अर्पित कर्त्तव्यों को सच्चाई और लगन के साथ सम्पन्न करे तो देश की बहुत सारी समस्याएं आसानी से हल हो जातीं । अवश्य यह संभव है यदि आज से ही देश के 12/13 साल के बालक और बालिकाएं दिनलिपि के निर्धारण उपदेशावली को बारह साल की लम्बी अवधि तक सच्चाई और लगन के साथ अभ्यास करते हैं तो अपने अपने जीविका के क्षेत्र में वे प्रलोभन पर विजय पाने पर अवश्य सफल रहेंगे । हम अगर अपने देश के सभी विद्यार्थियों को उनके पूरे पाठ्यकाल के दौरान दिनलिपि में दिए गए अनुशासनों के अनुसार उनके जीवन को निर्माण करने में प्रेरणा और उनकी सहमति अदा कर

सके तो अगले 15/20 सालों में हमारे देश में एक सम्पूर्ण रूप से रूपान्तरित दिव्य प्रजन्म का आविर्भाव होना सुनिश्चित है। अतः दिनलिपि हमारी राष्ट्रीय समस्या का समाधान के एक मूलभूत उपाय है यह मानना होगा। अखंडमंडलेश्वर श्रीश्रीमद् स्वामी स्वरूपानन्द परमहंसदेव जी का आध्यात्मिक और कानूनी तौर पर उत्तराधिकारीणी परमाराध्या श्रीश्रीमामणि (सन्यासिनी श्रीश्रीसंहिता देवीजी) श्रीश्रीबाबामणि द्वारा प्रवर्तित महान अखंड आदर्श को सारे विश्ववासियों के पास पहुंचाने की प्रबल इच्छा शक्ति द्वारा हमें प्रेरित करती थी जिसके फलस्वरूप दिनलिपि का यह हिन्दी भाषांतर किया गया है।

अखंडसंघनेत्री परमाराध्या सन्यासीनी संहिता देवी जिन्हें भक्त प्यार से श्रीश्रीमामणि कहते हं, की करूणा और आशीर्वाद से हम दिनलिपि का हिन्दी अनुवाद करने में सफल रहें और हम अधिक से अधिक प्रयास करेंगे ताकि यथासंभव शीघ्रता के साथ परमाराध्य श्रीश्रीबाबामणि द्वारा लिखित दूसरी पुस्तकें भी हिन्दी में भाषान्तरित करके विद्वतजनों तक उपलब्ध करा सकें।

अयाचक आश्रम की ओर से दिनलिपि के यह हिन्दी संस्करण आश्रम के पूर्व अध्यक्षा (चेयरमैन) परमाराध्या श्रीश्रीमामणि के प्रति हमारा विनम्र भक्ति श्रद्धांजलि है। परमाराध्य श्रीश्रीबाबामणि के अत्यन्त आज्ञाकारी सन्तान और परमाराध्या श्रीश्रीमामणि के विश्वस्त सेवक, माननीय श्रीराजकुमार कोइरीजी (सेवानिवृत्त Indian Railway Traffic Service Officer) को अयाचक आश्रम की

ओर से धन्यवाद, आभार और अभिनन्दन है। वे जिस समर्पण और तत्परता के साथ दिनलिपि (बंगला) पुस्तक को हिन्दी में भाषान्तरित किया यह अत्यन्त प्रशंसनीय है। डा० नमिता भट्टाचार्य (Associate Professor, Dept. of Bengali, Banaras Hindu University) तथा कुमारी देविका चक्रवर्ती, एम.ए. ने पुस्तक के प्रकाशन एवं मूल पाण्डुलिपि में यथोचित संशोधन करते हुए अपना अमूल्य सहयोग दिया। अयाचक आश्रम उनके प्रति भी आभार व्यक्त करती है।

मुझे यह व्यक्त करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि समाज के सभी वर्गों के लोगों में विशेषतया युवा वर्गों में दिनलिपि जिस प्रकार समादृत होने जा रहा है हम आशान्वित हैं कि दिनलिपि भविष्य में राष्ट्र-निर्माण के सहायक के रूप में अवश्य उभर कर आयेगा।

चरित्र निर्माण आन्दोलन के प्रवक्ता परमाराध्य श्रीश्रीबाबामणि का महान आदर्श का सर्वाधिक प्रचार और प्रसार हो इसलिए आश्रम के सारे ग्रन्थों का विक्रय मूल्य कम रखा गया है।

हम राष्ट्रीय चरित्र निर्माण में अति आवश्यकीय यह दिनलिपि ग्रन्थ का अधिक से अधिक प्रचार और प्रसार प्रत्याशा करते है।

कोलकाता — मैनेजर

अगस्त, 2009 — **अयाचक आश्रम**

इए द्वितीय संस्करण पहेला संस्करण का हुबहु पुनः मुद्रण है।

इति—

प्रकाशक

स्वर्गीय

# दीनेशचन्द्र देवगुप्त

मेरे लिखित दिनलिपि पुस्तक द्वारा
आत्मगठन का प्रयास
इस महान शिष्य की तरह
और कोई भी नहीं कर पाया।

कानन–कुन्तला चट्टग्राम माता के
साहसी और निडर सन्तानों के पास
यह दिनलिपि पुस्तक केवल
दीनेश ही व्याकुल आग्रह के साथ वितरण, प्रचार
और अपने जीवन में अभ्यास किया था।

आज उन्हीं के याद में यह
पुस्तक उतसर्ग कर रहा हूँ।

मार्गशीर्ष
(अग्रहायण), १३५४ 1354

स्वरूपानन्द

Akhanda Mandaleshwar
Sri Sri Swami Swarupananda Paramhansa Deva

# ब्रह्मचारी की दिनलिपि

## ब्रह्मचारी की प्रश्नसूची

1. सूर्योदय से पहले शय्या त्याग किया था या नहीं?
2. अच्छी तरह दन्तमंजन किये हो कि नहीं?
3. उपासना कितनी बार किये हो?
4. उपासना करते समय मन को स्थिर रखने के लिए दृढ़ संकल्प था या नहीं, और उसके लिए जोरदार प्रयास किया था या नहीं?
5. व्यायाम नियमित रूप से किया था या नहीं ?
6. व्यायाम करते समय पर्याप्त बल पाने हेतु कठोर संकल्प किया था या नहीं?
7. सुबह पिता, माता तथा अन्य पूज्यजनों को प्रणाम किया था या नहीं?
8. अपनी माता की मूर्ति ध्यान करते समय अपनी जननी में स्वयं ईश्वर विराजमान है यह विचार मन में लाने का प्रयत्न किया था या नहीं?
9. पढ़ाई ध्यानपूर्वक करने का प्रयत्न किया था या नहीं?
10. गीता या अखण्ड संहिता पढ़ा था या नहीं?

11. इच्छाकृत वीर्यपात किये हो या नहीं? *
12. अनिच्छाकृत वीर्यपात हुआ था या नहीं? *
13. काम चिंता किया था या नहीं? *
14. स्वेच्छापूर्वक कु-वार्तालाप सुना था या नहीं?
15. स्वेच्छापूर्वक कु-दृश्य देखा था या नहीं?
16. स्वयं कु-वार्तालाप किया था या नहीं?
17. कु-संसर्ग किया था?
18. धुम्रपान किया था या नहीं?
19. दूसरों की निन्दा किया था या नहीं?
20. अनावश्यक बातें तथा अश्लील वार्तालाप किया था या नहीं?
21. कुपाठ्य पुस्तकों का त्याग किया था या नहीं?
22. झूठी बातें कही या नहीं?
23. रातभर जागरण किया या नहीं?
24. दिन में सोये थे या नहीं?
25. चलते और बैठते समय क्या अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखे थे या नहीं?
26. कौपीन या लंगोटी पहनते हो या नहीं?
27. अच्छी तरह से चबाकर भोजन किये हो या नहीं?
28. मल-मूत्र की स्वाभाविक गति को रोकने का प्रयत्न किये हो या नहीं?
29. कभी कायरतापूर्ण व्यवहार किया था या नहीं?

---

* जिन लोगों को इस प्रश्न का अर्थ समझ में न आए, वे इन तीनों प्रश्नों का जवाब न लिखें।

30. सदा श्वास को लेते और छोड़ते समय श्वास पर विशेष ध्यान रखा था या नहीं? *
31. ब्रह्मचर्य के महत्व का प्रचार करने का प्रयत्न किया था या नहीं?
32. दिनभर में जितनी बालिकाओं, बच्चियों, युवतियों, प्रौढ़ों तथा वृद्ध महिलाएँ मिली उन्हे देखकर मन ही मन माता कहकर पुकारने का प्रयत्न किया था या नहीं?
33. किसी के मन को अनावश्यक चोट पहुँचाये थे क्या?
34. जगमंगल संकल्प का अनुपालन किया था क्या?
35. सभी प्रकार का भय दूर हो जाए ऐसा संकल्प किया था क्या?

# ब्रह्मचारिणी की प्रश्नसूची

1. सूर्योदय से पहले शय्या त्याग की थी या नहीं?
2. अच्छी तरह दन्तमंज की थी या नहीं?
3. उपासना कितनी बार की थी?
4. उपासना करते समय मन को स्थिर रखने के लिए दृढ़ संकल्प की थी या नहीं?
5. व्यायाम नियमित रूप से की थी या नहीं?
6. प्राण का बलिदान करके भी सतीत्व की रक्षा करूँगी व्यायाम करते समय यह दृढ़ संकल्प की थी या नहीं?

---

* श्वास-प्रश्वास के बारे में जब तक सद्‌गूरू के उपदेश प्राप्त नहीं हो जाता तब तक यह प्रश्न छोड़ देना चाहिए।

7. सुबह पिता-माता तथा अन्य पूज्यजनों को प्रणाम किया था या नहीं?
8. तुममें जगज्जननी महाशक्ति विराजमान है यह सोचने और अनुभव करने का प्रयत्न किया था क्या?
9. पढ़ाई ध्यानपूर्वक करने का प्रयत्न की थी या नहीं?
10. गीता या अखण्ड संहिता पाठ किया था या नहीं?
11. शरीर के प्रत्येक अंग पवित्र तथा पापरहित रखने का प्रयत्न किया था क्या?
12. अपने शरीर को वगैर किसी कारण दूसरे को स्पर्श करने दी थी क्या?
13. काम चिंता की थी क्या? *
14. स्वेच्छापूर्वक कु-वार्तालाप सुनी थी क्या?
15. स्वेच्छापूर्वक कु-दृश्य देखी थी क्या?
16. स्वयं कु-वार्तालाप की थी क्या?
17. कुसंसर्ग की थी क्या?
18. अनावश्यक वस्त्र पहनी थी क्या?
19. दूसरे की निंदा की थी या नहीं?
20. अनावश्यक बातें तथा अशालीन वार्तालाप की थी क्या?
21. कुपाठ्य पुस्तकों को त्याग की थी क्या?

---

* जिन लोगों को इस प्रश्न का अर्थ समझ में न आए, वे इन तीनों प्रश्नों का जवाब न लिखें।

22. झूठी बातें की थीं क्या?
23. रातभर जगीं थीं या नहीं?
24. दिन को सोयीं थीं या नहीं?
25. चलते और बैठते समय क्या अपनी रीढ़ को सीधा रखीं थीं?
26. कभी भी मैं अपने आपको नीच सुख-लालसा की कृतदासी नहीं बनने दूंगी ऐसा संकल्प कीं थीं या नहीं?
27. अच्छी तरह से चबाकर आहार ग्रहण कीं थीं या नहीं?
28. मल-मूत्र की स्वाभाविक गति को रोकने का प्रयत्न कीं थीं क्या?
29. कभी कायरतापूर्ण व्यवहार तो नहीं किया?
30. सदा श्वास को लेते और छोड़ते समय श्वास पर विशेष ध्यान रखीं थीं क्या? *
31. ब्रह्मचर्य के महत्व का प्रचार करने का प्रयत्न कीं थीं क्या?
32. दिनभर जितने बालक, बच्चे, प्रौढ़ तथा वृद्ध लोग मिले उन्हें देखकर बारंबार क्या उन्हें अपनी संतान के रूप में सोचने का प्रयत्न कीं थीं?
33. किसी के मन को अनावश्यक चोट पहुँचायी थे क्यां?
34. जगमंगल संकल्प का अनुपालन किया है क्या?
35. सभी प्रकार का भय दूर हो जाए ऐसा संकल्प ली थी क्या?

---

* श्वास-प्रश्वास के बारे में जब तक सद्गूरू के उपदेश प्राप्त नहीं हो जाता तब तक यह प्रश्न छोड़ देना चाहिए।

## दिनलिपि लिखने का नियम

प्रत्येक कार्य जो अवश्य करना चाहिए अथवा बिल्कुल नहीं करना चाहिए उसे सूचियों में अलग-अलग संख्या देकर दर्शाया गया है। दिनलिपि जिन सूचियों में लिखना है वहाँ विषय या कार्य का नाम लिखकर केवल संख्या लिखी गयी है। प्रत्येक संख्या को पहले की सूची में दिए गये कार्यो के अनुसार मिलाकर देखना होगा ताकि संख्या के साथ कार्य या विषय मिलता हो। उदाहरण के रूप में कहा जा सकता है कि सूची पत्र के 3 नम्बर सवाल में बताया गया है "तुमने उपासना किंतनी बार की" परन्तु दिनलिपि लिखने की सूची में यह प्रश्न नहीं लिखा गया है, अपितु प्रश्न के स्थानं पर केवल संख्या 3 लिखा गया है। मान लो तुमने दिनभर में 4 बार उपासना किया तो सूची में दी गयी संख्या 3 के सामने केवल संख्या 4 लिखना होगा। अगर तुमने एक बार भी उपासना नहीं किया तो केवल "नही" लिखना ही पर्याप्त है।

पाँचवें नम्बर सूची में लिखा गया है कि "तुमने नियमित रूप से व्यायाम किया है या नहीं? यह प्रश्न अगले सूचियों में नहीं लिखा गया है अपितु संख्या 5 मुद्रित किया गया है। अगर तुमने व्यायाम किया है तो संख्या 5 के सामने "हाँ" लिखने से ही होगा। प्रतिदिन तुमने जो कार्य किया है या नहीं किया उस क्रमिक संख्या के प्रश्न के विपरित प्रकोष्ठ में उस दिनांक के कार्य के अनुसार केवल "हाँ" या "नहीं" लिखना होगा।

# स्त्रियों की दिनलिपि

पुरुष की तरह नारियों को भी दिनलिपि लिखना आवश्यक है, क्योंकि नारी भी मनुष्य है और उन्हें अपने जीवन में बहुत बड़ी जिम्मेदारी और परम कर्त्तव्य को भी निभाना है। आजतक नारी जीवन को अति तुच्छ माना जाता रहा, लेकिन यह परंपरा हमेशा के लिए नहीं चल सकता है। नारी को भी मानवीय गरिमा के साथ उदित होना है, ताकि वे भी गौरव का गौरी-श्रृंग के रूप में आत्म प्रकाश कर सकें। इसलिए पुस्तक में स्त्रियों को भी दिनलिपि लिखने की सुविधा प्रदान की गयी है। जब पुरूष अपना दिनलिपि लिखेगा तब स्त्रियों से संबंधित दिनलिपि की सूची फाड़कर निकाल देगा। फिर स्त्रियों को जब अपनी दिनलिपि लिखनी होगी तो पुरूषों के लिए लिखी गयी सूची को फाड़कर फेंक देना है। ऐसा करने पर किसी को भी कोई असुविधा नहीं होगी।

जो पुरूष नियमित रूप से दिनलिपि लिखते हैं उन्हें चाहिए कि वे अपने रिश्तेदारों में भी इसे लागू करने का प्रयत्न करें। पुरूषों के साथ-साथ जब स्त्रियाँ भी प्रगति की ओर कदम बढ़ाएगी तभी देश और समाज का वास्तव में विकास का प्रारंभ होगा। सदियों से पुरूषों केवल अकेले ही आगे बढ़ना चाहा। कुछ लोगों ने प्रगति भी की है, लेकिन भविष्य में पुरूष और स्त्रियाँ समभाव से एक दूसरे के साथ मिलकर, शक्ति और साझेदारी के साथ प्रगति के रास्ते पर चलेंगे। तुम सब उसी आनेवाले महा-जीवन के अग्रदूत हो।

# दिनलिपि लिखने की आवश्यकता

बुँद-बुँद जल से जैसे महासागर बनता है वैसे ही एक-एक दिन जोड़कर बनता है हमारा जीवन। अनावश्यक तथा हीन कर्मो द्वारा एक एक दिन व्यतित करते हुए हम अज्ञानतावश सारे जीवन को व्यर्थ में ही खो देते हैं और इस दुर्लभ मानव जीवन की सफलता का लाभ नहीं उठा पाते। हम यदि प्रतिदिन को सही रूप से व्यतित करने का प्रयत्न करें तो हमारा पूरा जीवन सदाचार से परिपूर्ण हो जायेगा और मानव जीवन भी धन्य हो जाएगा। समय के सदुपयोग तथा दुरुपयोग दोनों में एक अजीब सी मादकता है। कुछ दिन तक लगातार अगर समय का दुरूपयोग किया जाए तो धीरे-धीरे मनुष्य समय का दुरूपयोग करने में अभ्यस्त हो जाता है। उसी प्रकार यदि कुछ दिनों तक लगातार समय का सदुपयोग किया जाए तो मानव उसका भी अभ्यस्त बन जाता है। अभ्यास चाहे अच्छी हो या बुरी एक बार लग जाने पर उसे छोड़ना बहुत ही कठिन है। सद्भस्यास को दृढ़ करने एवं बुरी आदत को त्यागने का प्रयास उचित जीवन गठन के लिए आवश्यक है। प्रतिदिन किये गये कार्यो का अगर हिसाब रखा जाए तो सद्-अभ्यास दृढ़ होता है और कु-अभ्यास क्षीण होता है। प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति अपने आय और व्यय का लेखा-जोखा रखता है, क्योंकि इसके बिना लाभ या क्षति का मूल्यांकन करना संभव नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को अपने नुकसान की सही जानकारी न हो तो उसकी

क्षतिपूर्ति करना भी असंभव है, उसी प्रकार अगर अपने लाभ की सही जानकारी न हो तो धनराशि का सदुपयोग भी संभव नहीं है। रोजाना आमदनी और खर्च के बारे में जो नियम लागु होता है वही नियम जीवन की उन्नति तथा अवनति के लिए भी लागू होता है। प्रतिदिन के कार्य द्वारा कितना लाभ प्राप्त हुआ या कितना नुकसान हुआ इसका अगर सही ढंग से हिसाब रखा जाय तो अपनी उन्नति को तेज करने तथा अवनति को रोकने में सहायता मिलती है, इसलिए दिनलिपि (डायरी) लिखना अत्यावश्यक है।

## दिनलिपि नहीं लिखने पर क्षति

केवल अपनी स्मरण शक्ति के बल पर कोई कारोबार नहीं चल सकता है, क्योकि समय और परिस्थिति के अनुसार अत्यंत स्मरणशक्तिशील व्यक्ति भी अति आवश्यक विषय को भी भूल सकता है। इसलिए स्मरणशक्ति की सहायता के लिए हिसाब रखना आवश्यक है। पूरे दिन और रात भर में तुम्हें बहुत से कार्य करने होते हैं उन सब कार्यो को याद रखना संभव नहीं है। यदि अपने प्रत्येक अच्छे और बुरे कार्य का हम हिसाब रखे तो जीवन में किसी भी कार्य के प्रति यदि प्रत्येक दिन किए गए कार्यो का विवरण नहीं रखा गया तो कभी-कभी बहुत ही आवश्यक कार्य में भी भूल हो सकती है और हानि उठाना पड़ सकता है। इस हानि को रोकने के लिए ही अपने पास दिनलिपि रखना आवश्यक है। क्षति को रोकने और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए जिस

प्रकार मनुष्य अपने रूपये-पैसे का हिसाब रखना उचित समझता है उसी प्रकार तुमको भी अपने चारित्रिक पतन को रोक कर कमजोरी के विरूद्ध सावधानी बरतकर अपने छोटे-छोटे कीर्तिमानों को और भी बलशाली तथा प्रगतिशील करके चरित्रबल को सशक्त, दृढ़ और मजबूत बनाने के लिए दिनलिपि लिखना जरूरी है। दिनलिपि लिखने से तुम्हारा ही प्रचूर लाभ होगा और नहीं रखने पर अशेष क्षति होगी।

## दिनलिपि और सत्यनिष्ठा

दिनलिपि लिखते समय कभी भी सच्चाई से समझौता नहीं करना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि यह लोगों को दिखावे के लिए नहीं अपितु आत्मशोधन के लिए लिखा जाता है। झूठ का सहारा लेकर अपने आपको धोखा देने से क्या लाभ? खुद को धोखा देना बहुत ही भयानक आदत है। अहंकृत-स्वभाव, दाम्भिक-चरित्र, वाक्-सर्वस्व लोगों से मिलने-जुलने से ऐसी आदत जन्म लेती है। विनयी स्वभाव, चरित्र-विचार सम्पन्न तथा आत्मशोधन प्रयासी लोगों का सत्संग आत्म प्रवंचन की भावना में कमी लाती है।

## दिनलिपि लिखने का समय

साधारण रूप से रात को सोने से पहले दिनलिपि लिखनी चाहिए। सोने के पूर्व दिनभर के अपने किये गये कुकर्मों का

स्मरण अवश्य अनुचित है, क्योंकि दिल से कमजोर कुछ व्यक्तियों के लिए दिनभर किए गये दुष्कर्मों को पुनः स्मरण से रात्रि की निद्रा विघ्नित हो सकती हे ऐसे लोगों के लिए अगले दिन प्रातःकाल ही दिनलिपि लिखनी ठीक रहेगी। लेकिन दिनलिपि रात को लिखते समय दिनभर किए गये दुष्कर्मों से अपने चरित्र-गौरव को पूर्णतया मुक्त रखने के संकल्प को दृढ़ करने का प्रयास करने से और दिनलिपि लिखने के तुरंत बाद क्षमाप्रार्थना के साथ भगवत्-उपासना करते हुए निद्रा के लिए जाने पर कोई भय नहीं रहता है।

## दिनलिपि किसको दिखाना चाहिए

दिनलिपि कभी भी हीन व्यक्तियों को दिखानी नहीं चाहिए। दुनिया में ऐसे बहुत सारे लोग है। जिन लोगों को तुम्हारे जीवन के गुप्त तत्वों का पता चल जाए तो वे ऐसी स्थिति पैदा करेंगे कि तुम्हारा आत्मविकास तो दूर की बात तुम किसी को मुँह दिखाने योग्य भी नहीं रह जाओगे। फिर कभी-कभी ऐसे सज्जन भी मिल सकते हैं जिन लोगों को तुम्हारे अवगुणों का पता चल जाने पर वे विशेष प्रयत्न द्वारा तुम्हारी चरित्र-साधना की सिद्धि प्राप्ति के लिए सहायता करेंगे। ऐसे हितकामी व्यक्तियों को ही केवल आवश्यक होने पर दिनलिपि पर्यवेक्षण हेतु दिखायी जा सकती है, दूसरों को नहीं।

## दिनलिपि लिखते समय चित्तभाव

दिनलिपि लिखते समय केवल "हाँ" या "नहीं" लिखना ही पर्याप्त नहीं है। अपनी त्रुटियों को लिखते समय इन त्रुटियों से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है इस विषय में मन ही मन में प्रतिज्ञा करनी होगी। गुण समूह के बारे में लिखते समय इन गुणों को बढ़ावा देने के लिए अपने मन में जोरदार आकांक्षाओं को प्रोत्साहित करना होगा। केवल "हाँ" या "नहीं" लिखने से ही दिनलिपि लिखने का लक्ष्य सिद्ध नहीं हो सकता हैं चरित्र गठन, चारित्रिक त्रुटियों का सुधार और चारित्रिक-माधुर्य का विकास ही दिनलिपि का मुख्य लक्ष्य है, यह तत्व पलभर के लिए भी भूलने से नहीं चलेगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लिखते समय सूक्ष्म रूप से आत्मपरीक्षण करना चाहिए, और ऐसा करते समय जगत के जितने भी उच्चकोटि महात्माओं के माधुर्य चरित्र को जागृत कर अपने आत्मगठन करने के अतिरिक्त उत्साह को पुष्टतर करने का प्रयास करना चाहिए।

## दिनलिपि में हरेक विषय को अच्छा लिखने के लिए क्या करना चाहिए

जब मालुम हो जाए कि किसी विषय पर अपना चारित्रिक गौरव घटने लग गया है तो मन ही मन उसे पुनः सुधार के लिए

दृढ़ संकल्प करते रहना चाहिए। मान लो तुमने झूठी बात कही। दिनलिपि लिखते समय तुमने झूठी बात कही यह स्वीकार करना ही पर्याप्त नहीं है, अपितु झूठ कहने से तुम्हारा कितना चारित्रिक पतन हुआ इसका अंदाजा लगाने का प्रयत्न करना चाहिए और फिर ऐसे पतन की ओर कदम नहीं रखना है ऐसा कहकर दृढ़ता के साथ प्रतिज्ञा करते रहना चाहिए। जो व्यक्ति प्राण के बदले में भी झूठ नहीं बोलता ऐसे व्यक्ति को स्मरण करना चाहिए और उनके जीवन के सत्यनिष्ठा की कोई मिसाल ध्यान में लाकर उससे प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। साथ ही साथ सत्यस्वरूप श्रीभगवान् के चरण कमलों में व्याकुल-चित्त होकर पूर्ण सत्य प्राप्ति हेतु प्रार्थना करनी चाहिए। इसी प्रकार रोजाना अपने किये गये दोष और त्रुटियों को भावुकता के साथ जी-जान से सुधारने का प्रयत्न करने से तुम्हारा सम्पूर्ण चरित्र एक अनोखे माधुर्य से भरपूर हो उठेगा।

## शय्या-त्याग

सूर्योदय से पहले शय्या त्याग न करने पर लोग आलसी हो जाते हैं, उनका जीवनकाल घट जाता है तथा दिनभर मेहनत करने के बावजूद भी अपने कर्त्तव्य कर्मो को सही ढंग से निभा नहीं पाते।

सोते समय तीव्र संकल्प लेकर अगर कोई सोता है तो वह सबेरे अवश्य नींद से जाग सकता है।

सोने से पहले यदि शक्तिशाली कोई शक्तिधर महात्मा से तुम्हें सबेरे जगाने में कृपा करने की व्याकुल प्रार्थना की जाए तो बहुत क्षेत्रों में सफलता मिलती है।

जिन उपायों को अपनाने से अच्छी नींद आती है तथा पेट साफ रहता है उन उपायों से सुबह जागने में भी सहायता मिलती है।

## दाँत साफ रखना

अगर दाँत साफ नहीं रखा जाए तो इससे पेट की बीमारियाँ तथा इन्द्रियाँ विचलित हो सकती हैं। अधिकतर पेट से पीड़ित लोगों के कुछ न कुछ मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियाँ देखने को मिलता है। इसीलिए दाँतों को अच्छी तरह से साफ रखना बहुत ही आवश्यक है। नीम, बबुल आदि की टहनियों तथा अच्छे दंतमंजन के सहारे दाँतों को साफ रखना चाहिए। दाँत साफ करते समय जीभ को भी अच्छी तरह साफ करना चाहिए।

## उपा-ना

उपासना अपने-अपने गुरू के आदेशानुसार करनी चाहिए। हर रोज नये-नये प्रकार की उपासना करने से उपयुक्त लाभ नहीं मिलता है। हर रोज एक ही प्रकार से उपासना करनी चाहिए, हर बार साँस लेते समय अंदर परमप्रभू का आगमन और प्रत्येक बार साँस को छोड़ते समय परम प्रभू के चरण कमलों में अपने

आपको समर्पित करने जैसी भावना ही सभी उपासनाओं में सर्वोत्तम मानी जाती है। जिन लोगों को सद्‌गुरू की कृपा प्राप्त नहीं हुई है वे अपनी-अपनी रूचि के अनुसार भगवान के नाम जपेंगे।

## उपासना के समय मन की स्थिरता

मन को स्थिर रखने के यदि दृढ़ संकल्प नहीं किया गया तो वह उपासना पाखंडता या ढोंग के बराबर है। खुद को धोखा देने के लिए केवल ऑख बंद कर बैठने से कोई लाभ नहीं है। अगर कोई दृढ़ संकल्प भी करता है तो शुरूआत में मन स्थिर नहीं हो सकता है, परन्तु इससे निराश नहीं होना चाहिए और मन को स्थिर करने के संकल्प तथा प्रयत्न और दृढ़तापूर्वक करना चाहिए। बार-बार प्रयत्न करने से संसार में कोई भी कार्य असंभव नहीं है। अचानक सफलता नहीं मिल सकती है, लेकिन प्रयास करने से धीरे-धीरे अवश्य मिलती है। उपासना करने पर जबतक मन को आनंद और आत्मा को शांति की प्राप्ति न हो तब तक आसन को नहीं छोड़ना चाहिए। अगर कोई इस तरह के दृढ़ संकल्प के साथ दो-चार दिनों तक उपासना करता है तो मन को स्थिरता प्रदान करने में सहायता मिलती है।

## व्यायाम

स्त्री-पुरूष सभी लोगों को व्यायाम करना चाहिए, लेकिन दोनों

के लिए व्यायाम के तरीके और परिमाण में अंतर अवश्य होना चाहिए। इसके लिए योग्य व्यक्ति से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

## व्यायामावस्था में मन का भाव

व्यायामावस्था में व्यक्ति के मनोभाव के अनुसार ही उसके शरीर का गठन होता है। केवल कसरत करने से ही बल पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए मन में संकल्प करना भी जरूरी है। संकल्प अगर सुदृढ़ हो तो थोड़ा सा व्यायाम करने पर भी अधिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है। साधारण व्यायाम सुबह और शाम को तथा यौगिक व्यायाम उपासना से पूर्व करना चाहिए।

## नारियों के लिए व्यायाम और सतीत्व

प्राचीन भारत में स्त्रियाँ भी व्यायाम किया करती थीं। लक्ष्य युद्ध जय नही था, अपितु बलवान सन्तान को जन्म देना, आपातकाल में पति तथा अपने परिवार-वर्ग की सहायता करना और दुराचारियों से अपने सतीत्व की रक्षा करना मुख्य लक्ष्य हुआ करता था। स्त्रियाँ आज व्यायामाभ्यास त्याग देने के कारण सभी कार्यो में असक्षम और अयोग्य हो गई हैं। महिलाओं को व्यायाम करते समय सतीत्व की रक्षा के संकल्प को बढ़ावा देना जरूरी है। ऐसी बहुत-सी नारियाँ हैं ज़ो अपने से कमजोर दुराचारियों से भी अपने सतीत्व की रक्षा नही कर पाती है। आपके बलवान होने का क्या लाभ अगर समय पर उसका सदुपयोग ही न किया जा सके?

सतीत्व की मर्यादा को जरा भी आँच पहुंच सकती है ऐसी आशंका होने पर आत्मरक्षा के लिए अपनी सारी शक्ति को क्षण ही भर में प्रस्तुत किया जा सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यायाम करते समय सतीत्व रक्षा करने का दृढ़ संकल्प करते रहना चाहिए। "अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गई खेत"। विपत्ति आ जाने पर भयभीत होने से अच्छा है विपत्ति आने से पहले ही विपत्ति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे बहुत दृष्टांत मिलते हैं जहां कमजोर नारियों ने भी अपने साहस के बल पर खुंखार दुश्मनों को भी भगा दिया है। अपने संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने से ही यह संभव हो सकता है।

## माता, पिता तथा पति को प्रणाम

प्रातःकाल माता-पिता तथा पुज्यजनों को प्रणाम करना मैं अपने धर्म के एक विशेष अंग के रूप में मानता हूँ। कृतघ्न संतान संसार में कोई भी महान कार्य को संपन्न नहीं कर सकती है। केवल प्रणाम करना ही पर्याप्त नहीं माना जाएगा, अगर प्रणाम करते समय अपने मन को जगत्पिता तथा जगत्माता से नहीं जोड़ा गया। स्त्री को भी अपने पति को प्रणाम करते समय अपने चित्त को जगत्पति के साथ जोड़ना चाहिए। केवल शिष्टाचार के लिए प्रणाम करना पुण्यदायक नहीं होता है, अपने अन्तःकरण के भाव की पुष्टि करना ही प्रणाम का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। प्रणाम

करते समय भ्रुमध्य-स्थित सर्वदेवादिदेव परमेश्वर स्वयं विराजमान हैं ऐसा विचार करके माता, पिता, पति तथा दूसरे पूज्यजनों जिन व्यक्तियों को ध्यान में रखकर प्रणाम किया जा रहा है वे ज्योतिर्मय परब्रह्म की स्मृति को उजागर करने योग्य ब्रह्म-ज्योति के स्वरूप हैं, ऐसा अनुभव करना चाहिए। प्रणाम करते समय लोक-लज्जा के भय से रहित होना चाहिए। जिनको प्रणाम किया जा रहा है उन्हें अगर यह पसन्द नहीं भी हो तो भी अपना कर्त्तव्य समझकर इसे निभाना चाहिए। ऐसा करने पर वे तुम्हारे सभी शुभ कार्य में अवश्य सहायता करेंगे और वे शुभकार्य में अड़चनें पैदा करने की अपनी क्षमता को खो बैठेंगे।

## मातृ-मूर्ति चिन्ता (विशेषतया पुरूषों के लिए)

मातृ-मूर्ति का ध्यान मन को पवित्र करती है परंतु अपनी जननी में जगज्जननी का स्वरूप अवलोकन नहीं करने पर मातृमूर्ति के ध्यान का पूर्ण रूप से लाभ नहीं मिल सकता है। अपनी जननी को केवल गर्भधारिणी मान लेना ही पर्याप्त नहीं है। केवल गर्भधारण तक ही माँ की महिमा को सीमित नहीं करना चाहिए। यह चिंतन करने का प्रयास करना चाहिए कि वे विश्व-ब्रह्माण्ड की प्रसविनी हैं, वे हैं सर्वमयी, सर्वेश्वरी। ऐसे विचार के साथ मातृमूर्ति का ध्यान करना चाहिए। ऐसी भावना से प्रेरित होने पर यह भावना तुम्हें शीघ्र ही कुशलता की ओर अवश्य ही पहुंचा देगी। ध्यान रहे कि विश्व के अधिकतर महापुरूष मातृभक्त थे।

## पुरूष जाति पर संतान की भावना (विशेषतया नारियों के लिए)

अपने आप को जगज्जननी का स्वरूप मान लें तो किसी भी पुरूष के प्रति लालसा की दृष्टि से देखने का अधिकार नहीं रहता है। अपने आपको महाशक्ति जगन्माता का स्वरूप माना जाए तो हरेक पुरूष के प्रति सन्तान भाव जागृत होता है। जब सन्तान भाव उदित होता है तब नारी हृदय की लालसा दुनिया से उपर उठ जाता है और नीच कामना, घृणित वासना तथा चित्तवृत्तियों की अपवित्र भावनाओं में कमी आती है। अपने आपको महाशक्ति की अंश-संभूता मानने पर अन्दरूनी-हजारों कमजोरियाँ अपने आप दूर हो जाती हैं, और अबला नारी सबला हो उठती है। संकल्प ही शक्ति है, और सत्य पर आधारित संकल्प प्रत्यक्ष रूप में महाशक्ति होता है।

## अध्ययन

स्त्री-पुरूष सभी को अध्ययन अवश्य करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन पार होने से ही माता सरस्वती से विदा लेना आवश्यक है, यह कोई काम की बात नहीं है। जीवन भर हर रोज कुछ न कुछ ज्ञानार्जन करना ही चाहिए, केवल अपना पाण्डित्व जाहिर करने के लिए नहीं अपितु अपनी चित्तवृत्तियों को संशोधन के लिए। घरेलु कामकाजों में उलझी हुई स्त्रियों को अध्ययन की

स्फूर्ति को जागरूक रखनी चाहिए और अध्ययन के लिए रोजाना एक निर्धारित समय रखना आवश्यक है। यह निर्धारित समय भले ही कम हो पर एक दिन के लिए भी ढील नहीं बरतनी चाहिए और यह काम दृढ़ता और निष्ठा के साथ करना चाहिए। अधिक अध्ययन से भी लक्ष्य सिद्ध नहीं होती। अपितु भले ही थोड़ा सा अध्ययन क्यों न हो गहराई से मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए ताकि अध्ययन किये गए विषयों से कुछ न कुछ स्थायी ज्ञान अवश्य प्राप्त हो।

## गीता अध्ययन

गीता ग्रंथ सर्व शास्त्रों का सार है। यह पुस्तक धर्म-जीवन, कर्म-जीवन और नैतिक जीवन के गठन के लिए सर्वोत्तम सहायक है। अतः गीता अध्ययन का अभ्यास बहुत ही आवश्यक है। अगर मधुर कण्ठस्वर है तो गीता को गाकर भी पढ़ा जा सकता है। पढ़ते समय शुद्ध रूप से उच्चारण करना चाहिए। लोग कहते हैं कि स्त्रियों को गीता शास्त्र का अध्ययन नहीं करना चाहिए, यह विचार नितांत गलत है। वेदशास्त्र के अध्ययन में भी स्त्रियों को पुरूषों के बराबर अधिकार प्राप्त है।

ऐसे बहुत सारे पुरूष और स्त्रियाँ हैं जो कि अपने-अपने पूजा में बैठने के आसन, जप की माला, स्वाध्याय के लिए रखी गई गीता शास्त्र को दूसरे को स्पर्श नहीं करने देते हैं। अधिकतर क्षेत्र में मैं इस निष्ठा की सराहना करता हूँ। कम से कम बिना स्नान

और अपवित्र रूप में दूसरे किसी को इन वस्तुओं का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

## अखंडसंहिता का अध्ययन

मुझपर जो व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से श्रद्धावान है तथा मेरे साथ बहुत ही नजदीकी से जुड़ा हुआ है वह भले ही गीता अध्ययन करे न करे पर अखंड-संहिता का अध्ययन उसे रोजाना अवश्य ही करना चाहिए। जो लोग अखंड संहिता नियमित रूप से नहीं अध्ययन करते हैं, या तो साप्ताहिक उपासना में योगदान नहीं करते, अपितु अखंड-मंडली की स्थापना करके केवल आपस में लड़ते-झगड़ते हैं उन्हें स्वयं को मेरी सन्तान कहकर परिचय देने का कोई अधिकार नहीं है। अखंड संहिता मेरी वांड्मयी मूर्ति तथा अखंड संहिता मेरा भावमय शरीर है। जो मुझपर श्रद्धा रखता है वह कदापि अखंड-संहिता का अनादर नहीं कर सकता है। अखंड-संहिता में सारे जीव के आवश्यक वस्तुओं को भली-भांति सजाकर रखा गया है। इसके प्रत्येक वाणी के साथ तुम्हारा हार्दिक परिचय रखना तुम्हारे अपने तथा जगद्वासियों के स्वार्थ और कुशलता के लिए है।

## पुरूषों का इच्छाकृत वीर्यपात

(स्त्रियों के लिए इस अंश का पाठ अनिवार्य नहीं है।)

इच्छाकृत वीर्यपात का आग्रह और कदाचार दूर नहीं करने पर

कोई भी पुरूष यथार्थ महिमा को प्राप्त नहीं कर सकता है। पूर्व संस्कार हेतु पापाचार अगर तुम्हें ग्रसित करना चाहता हो तो तुम तुरंत जनसमुदाय में शामिल हो जाओ, या तो व्यायाम चर्चा करो अथवा जोर-जोर से कीर्तन करो। ऐसा करने पर बहुत सारे लोग वीर्यपात जैसे कदाचार को वश में लाने में समर्थ हुए हैं। कौपीन धारण करने से इच्छाकृत वीर्यपात को दूर करने में सहायता मिलती है। निरंतर सुदृढ़ संकल्प की साधना द्वारा इस कदाचार को दूर किया जा सकता है। क्षणभर के सुख की निरर्थकता के बारे में सोचने पर भी इस कदाचार की प्रवृत्ति कम हो जाती है। अपने शरीर के इस मूलभूत धातु की रक्षा कर उसके द्वारा संसार का बहुत बड़ा मंगलमय कार्य सम्पन्न हों सकता है ऐसे संकल्प से यह कदाचार दूर हो सकता है। इच्छाकृत वीर्यपात को भ्रूणहत्या के बराबर अपराध के रूप में मानना चाहिए।

## पुरूषों का अनिच्छाकृत वीर्यपात

(स्त्रियों के लिए इस अंश का पाठ अनिवार्य नहीं है)

अनिच्छाकृत वीर्यपात के लिये अपने अपको अपराधी मान कर पश्चाताप करना ठीक नहीं है। अगर अज्ञात वीर्यपात मात्रा में अधिक और बार-बार हो तो समझ जाना चाहिए कि शरीर के अंग सब कमजोर पड़ गए हैं और यह कमजोरी ही तुम्हारे लिए पाप है। अज्ञात वीर्यपात तुम्हारा पाप नहीं है। ऐसी हालत में तुम्हारी कमजोरी को दूर करना ही तुम्हारा कर्त्तव्य है। उचित

आहार, व्यायाम, आसन-मुद्रा आदि का अभ्यास और अति आवश्यक होने पर अनुत्तेजक तथा बलबर्द्धक दवा लिया जा सकता है। अत्यंत ध्यान और निष्ठा के साथ अश्विनी, योनि, सन्धिनी, संजीवनी, संदीपनी, गुह्य-स्थल, पेट के नीच का अंश तथा उपस्थ स्थलों का व्यायाम अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता है। जिन लोगों को कफ का प्रकोप नहीं है ऐसे लोगों को दिनभर में तीन बार नहाना भी लाभदायक होता है। परन्तु सर्वौषध श्रीभगवान का नाम स्मरण ही सबसे अच्छा निदान है।

## नारियों का हर अंग पवित्र होता है

(शरीर के प्रत्येक अंग को पवित्र और पापमुक्त रखने का प्रयत्न हरेक पुरूष और नारी को करना अनिवार्य कर्त्तव्य हैं। स्त्रियों की दिनलिपि के बारे में मेरे विचार में यह बात अधिकतर आवश्यक है। यह केवल मेरा ही विचार नहीं, बल्कि प्राचीन शास्त्रकारों का भी एक ही विचार था। अगले दो अनुच्छेदों में पुरूषों के लिए जो बात कही गयी है, दिनलिपि के ग्यारवाँ और बारहवाँ प्रश्न में दो स्त्रियों के लिए दो अलग-अलग प्रश्न दिए गए है। वर्तमान और अलग अनुच्छेद इस विषय में लिखा गया है, लेकिन यह सोचना गलत होगा कि अपने अंगों की पवित्रता तथा दूसरों के अंगस्पर्श के बारे में पुरूषों को सावधानी बरतने की आवश्यकता नहीं है। यह पुरूष तथा महिला दोनों के लिए

समान रूप में लागू होगा। हालांकि स्त्रियों के बारे में इस विषय पर अधिकतर जोर देना आवश्यक है)

शरीर में अगर मैल को जमने दिया जाए तो शरीर अपवित्र हो जाता है। यह विचार तो बाह्य दृष्टिकोण से किया जाता है। शरीर को अगर अपवित्र कार्य के लिए प्रयोग किया जाए तो शरीर अपवित्र हो जाता है, यह सूक्ष्म विचार है। गंदे कीचड़ के ढेर पर खड़े होने पर जैसे शरीर अपवित्र होता है, वैसे किसी घृणित कार्य में स्वेच्छापूर्वक अथवा अनिच्छा से भी अपने तन प्रयोग में लाया जाये तो वह उतना ही अपवित्र होता है। साधक अपने तन को भगवान का उपासना मंदिर मानते हैं। उपासना-मंदिर में जैसे मलमूत्रादि त्याग करना जैसे पाप माना जाता है उसी प्रकार शरीर को भी किसी घृणित कार्य तथा कुकर्म में लिप्त करना घृणित माना जाता है। ऐसे बहुत सारे कार्य हैं जो लज्जादायक हैं इसलिए उन सब को चोरी छिपे किया जाता है, लेकिन ये पवित्रता को हानि पहुंचाते हैं। सामान्यतः विचार करने पर किसी भी नारी के किस कार्य से शरीर का अपवित्र व्यवहार हो सकता है आसानी से समझ सकती है।

कोई भी पुरूष यदि अपवित्र वासना के साथ किसी स्त्री के आँख, मुँह, छाती तथा अन्य अंगों को स्पर्श करता है, तो इस स्पर्श द्वारा शरीर अपवित्र होता है। इसके प्रायश्चित के लिए तुरंत स्नान करना, हजार बार नाम-जप और चौबीस घंटे तक उपवास रहकर परम पवित्रता स्वरूप भगवान के श्रीचरणों में आत्म

समर्पण करने का प्रयास करना चाहिए। आधुनिक शिक्षा के कुप्रभाव से आज की किशोरियाँ तथा युवतियाँ इस बारे में पवित्र भावनाओं को खो बैठी हैं। निर्धन होने पर भारत को उतनी हानि नहीं पहुंची जितनी कि इस विषय पर सतर्कता और दृढ़ता के अभाव के कारण भारतवर्ष को तेजी से सर्वनाश की ओर ढकेल रहा है।

शरीर के प्रत्येक अंग को, आपादमस्तक दर्पण जैसा स्वच्छ और साफ सुथरा रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। क्योंकि शरीर के मलिन होने पर मन भी स्वाभाविक रूप से मलिन हो जाता है। स्वच्छ शरीर में मन सहज रूप से निर्मल रहता है। पहनने के कपड़े अगर स्वच्छ और अपवित्र रखा जाए तो इसके द्वारा चित्त की पवित्रता को बनाए रखने में सहायता मिलती है। अपने आवास स्थल तथा चलने के रास्ते को यथासम्भव साफ और पवित्र रखना चाहिए, क्योंकि इससे चित्त में पवित्रता के भाव लाना सहज होता है। लेकिन इस बारे में शुचिवायुग्रस्त होना भी ठीक नहीं है।

मलत्याग के बाद जैसे जल-शौच जरूरी होता है वैसे ही पेशाब करने के बाद भी जल-शौच आवश्यक है। स्त्री-पुरूष सभी के स्वास्थ्य के लिए यह एक लाभदायक सदाचार है। यौनांग में मैल को इकट्ठा होते देना तथा बदबू को फैलने देना हानिकारक होता है। प्रत्येक व्यक्ति को सचेत रहना चाहिए ताकि यौनांगों को

मैला न होने दिया जाए। घ्यान रखना चाहिए ताकि पेशाब करने के बाद जिस जल को मूत्र-शौच के लिए व्यवहार किया जाता है वह गंदा न हो। दुर्भाग्य से अगर किसी का यौनांग आसानी से साफ नहीं होता है तो थोड़ा सा फिटकिरी जल में मिलाकर उस जल को व्यवहार करना चाहिए। यौनांग को साफ करने के लिए साबुन आदि का प्रयोग करना ठीक नहीं है। पेशाब के बाद मूत्र-शौच तथा यौनांग को साफ रखने पर शरीर के अलावा मन को भी पवित्र रखने में सहायता मिलती है। केवल पवित्रता के दृष्टिकोण से नहीं अपितु स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी यह बहुत ही लाभदायक है। प्रत्येक बार मूत्र-शौच के लिए एक लोटा ठंड़ा पानी व्यवहार करना बहुत ही लाभदायक होता है।

बहुत सारे परिवार में ऐसी रीति है कि कन्याओं के लिए मूत्र-शौच रीति को अनावश्यक समझा जाता है, बल्कि विवाहेत्तर जीवन में इसका प्रारंभ किया जाए ऐसा मानते हैं। यह विचार ठीक नहीं है और यह मूर्खतापूर्ण है। जो लोग मूत्र-शौच को पालन नहीं करते उन्हें पूजा आदि के लिए फूल तथा तुलसी पत्र चुनना, पूजा-गृह तथा रसोई में प्रवेश करना और खाना परोसना नहीं चाहिए।

रजःस्वला अवस्था में शरीर को अपवित्र मानना स्वाभाविक है। किन्तु इस अपवित्रता के लिए स्वयं को अपराधी नहीं मानना चाहिए। मासिक रक्तस्राव के समय दूसरे को स्पर्श करना शास्त्रानुकूल

नहीं है। इस शास्त्रीय निषेध को मानना अपने हित में है। इस समय गंदा कपड़ा अथवा चिरकुट व्यवहार शरीर के लिए हानिकारक होता है।

## अंग स्पर्श

(यह अनुच्छेद भी विशेषतया स्त्रियों के लिए है)

किसी एक अजीब कविता में बताया गया है कि दानशीलता से राजा की पहचान होती है, कान ऐंठने से घोड़े की पहचान होती है, किसी मणि की पहचान उसके वजन से और किसी नारी की पहचान उसके अंग स्पर्श द्वारा प्राप्त होता है। राजा अगर दानशील न हो तो उन्हें सिंहासन पर बैठने के अयोग्य माना जाता है, कान पकड़कर ऐंठने पर भी कोई घोड़ा अगर टस से मस नहीं होता तो उसे गधे के बराबर माना जाता है, हीरा-जवाहरात वजन में अगर भारी न हो तो उसे नकली माना जाता है। वैसे ही अगर कोई नारी बिना किसी हिचकिचाहट या रूकावट के अपने अंगों को दूसरों को स्पर्श करने को दे तो उसे हीन चरित्र का माना जाता है। अंग स्पर्श मात्र से चकित होना उत्तम नारी का लक्षण माना गया है। अंग स्पर्श के बाद, शरीर पर अनुचित कार्य करने के लिए उतारू होने पर जो नारी आपत्ति जताती है, पर अंग स्पर्श के पहले सावधानी नहीं बरतती है, वह मध्यम चरित्र की नारी कहलाती है। जो नारी अंग स्पर्श करने से निश्च्छल रहती

है, शरीर पर अनुचित कार्य करने के लिए उतारू होने पर भी पत्थर जैसे स्थिर रहती है, हो सकता हे या तो शर्म के मारे नहीं तो भय के कारण या तो किकर्त्तव्यविमूढ़ होकर चुप्पी मार जाती है ऐसी नारियाँ जगत में अधमा चरित्र की मानी जाती है। ऐसी नारियों का मुँह देखना भी पाप है।

केवल पुरूषों द्वारा नारी के अंग के स्पर्श से ही नारियों को सावधानी बरतना पर्याप्त नहीं है, अपवित्र-स्वभाव वाली, पाप के रास्ते चलने वाली पापाचारी, लालसामयी नारियों के द्वारा अंग स्पर्श खतरनाक सिद्ध होता है। बहुत सारी सुन्दरी विलासिनी नारियाँ जो अपने नीच प्रवृत्तियों को अपने वाक्चातुर्य द्वारा या तो भगवत् प्रेम के ढोंग मे छुपाकर मासुम सरल प्रकृति की बच्चियों के साथ घुलमिल जाने का प्रयास करती हैं। इनलोगों को भलि-भांति पहचानना बहुत ही आवश्यक है और इन लोगों को पिशाचिनी जानकर इनके संसर्ग से दूर रहना आवश्यक है।

## कामचिंता

इन्द्रियों द्वारा नीच भोगवासना को साधारणतया काम कहा जाता है। किंतु जिन चिंताओं से इन्द्रियों द्वारा नीच भोगवासना को तृप्त करने के लिए लालसा परोक्ष रूप से उत्पन्न होती है उसे कामचिंता ही कहा जा सकता है। ऐसे बहुत सारे व्यवहार हैं जिन्हें बाहरी रूप से काम चिंता का दर्जा नहीं दिया जाता है, परंतु इन आचरणों द्वारा परोक्ष रूप से नीच इन्द्रियों की पुष्टि का संयोग

रहता है तो ऐसे कार्यों या आचरणों को भी काम-चिंता का दर्जा दिया जाता है।

कामक्रिया द्वारा शरीर को जो अपवित्रता तथा कमजोरी पहुंचाती है, काम चिंता से अधिकतर क्षेत्रों में .इससे बहुत कम क्षति पहुँचती है ऐसा नहीं है। कामक्रिया स्थूल रूप से शरीर में अपवित्रता तथा कमजोरी पहुंचाती है लेकिन कामचिंता से शरीर अपवित्र सूक्ष्म रूप से होता है। अधिकतर क्षेत्र में कामक्रिया द्वारा शरीर को जितनी हानि पहुंचती है कामचिंता से उससे कहीं अधिक हानि पहुंचती है। ऐसी बहुत सारी बीमारियाँ हैं जिसका निदान चिकित्सक भी नहीं निकाल पाए हैं, अवश्य मनोचिकित्सकों का यह मानना है कि ऐसे अज्ञात व्याधियों का मूलभूत कारण है कामचिंता।

कामचिंता आने पर प्रेममय परमप्रभु के स्वरूप का ध्यान करना चाहिए, दैहिक कामुकता के पीछे प्रेममय परमेश्वर ही विराजमान है ऐसी भावना रखनी चाहिए। कामचिंता का उदय होते ही उसे भगा देना चाहिए, उसे आगे बढ़ने का मौका कदापि नहीं देना चाहिए। विष-बल्लरी जैसे वारिश के जल पाकर पनप उठती है और जल्द ही सारे उपवन को घेर लेती है वेसे ही कामचिंता कामना के जलसिंचन से क्षणभर में सारा जीवन को ग्रसित कर लेती है। इसलिए काम के बारे में छोटी सी वासना को भी क्षमा की दृष्टि से नहीं देखनी चाहीए। बैर के काँटे को अगर काट भी दिया जाए तो वे और तेजी से पनप उठती है, उन्हें अगर

सम्पूर्ण जड़ के साथ नहीं उखाड़ फेंका जाए तो उससे बचने का कोई उपाय नहीं होता है, काम का भी ऐसा भयंकर एक रूप है। उस समय सर्वकामरूप परमेश्वर को लाकर काम के बीच स्थापित करना चाहिए। उनके चरण स्पर्श से कंटीला वृक्ष भी कंटकरहित हो जाता है, उस वृक्ष के फल खट्टे नहीं रह जाते, बल्कि वह वृक्ष निष्काम, निःस्वार्थ सेवा के लिए चंदन वृक्ष का रूप ले लेता है।

## कुकथन का श्रवण

